भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2415
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**देवल गणगपुर दत्तात्रेय मंदिर का विकास**

**†2415. श्री राधाकृष्णः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तीर्थयात्रा पुनरुद्धार और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत कलबुर्गी स्थित देवल गणगपुर दत्तात्रेय मंदिर के विकास के लिए आवंटित और उपयोग किए गए बजट का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को प्रसाद योजना के अंतर्गत देवल गणगपुर दत्तात्रेय मंदिर के विकास हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा मंदिर के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए उक्त प्रस्ताव के अनुमोदन में तेजी लाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय का उद्देश्य अपनी तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत कर्नाटक सहित देश भर में चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर अवसंरचना का विकास करना है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की योजना के दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति और धन की उपलब्धता के अधीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय को कर्नाटक राज्य सरकार से अक्टूबर 2024 में प्रशाद योजना के अंतर्गत कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के अफजलपुरा तालुका के गणगपुरा स्थित श्री दत्तात्रेय मंदिर के विकास के संबंध में 83.52 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाला एक संकल्पना प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। बजट की कमी के कारण इस प्रस्ताव पर विचार नहीं किया गया है।

हालाँकि, कर्नाटक में प्रशाद योजना के तहत तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। जो अनुलग्नक में दिए गए हैं।

*******

**अनुबंध**

श्री राधाकृष्ण द्वारा देवल गणगपुर दत्तात्रेय मंदिर के विकास के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोकसभा के लिखित प्रश्न संख्या †2415 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

**कर्नाटक में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची :**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरु में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 |
| 2. | रेणुका यल्लमा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 |
| 3. | पापनाश मंदिर, बीदर जिले में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 22.25 |

*******